कार्यालय प्रथम अपील अधिकारी, जिला कलक्टर,दौसा

श्री बृजमोहन शर्मा, निवासी ग्राम रामसर पालावाला, पोस्ट जीतावाला, तहसील बस्सी जिला जयपुर, राजस्थान– 303012।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्याः 56/2022

निर्णय — दिनांक :27.05.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील प्रस्तुत की है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा जिला दौसा से सम्बन्धित है। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा को पत्र क्रमांकः डी0एम0/कोर्ट/2022/1102 दिनांक 12.05.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा जिला दौसा ने पत्र क्रमांकः आरटीआई/2022/777 दिनांक 18.05.2022 के द्वारा अवगत कराया कि पत्र क्रमांकः आरटीआई/2022/743 दिनांक 11.05.2022 से अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। जिसकी प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.11.15 10:11:45 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा